RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 130 • 23:05:2024 • गुरूवार • मूल्य : 5/-

## कश्मीर में अब नहीं बहाल होगा आर्टिकल-370

● सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कीं सभी याचिकाएं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 370 के तहत जम्मू एवं कश्मीर को प्राप्त विशेष दर्जे को रद्द करने के अपने फैसले पर पुनर्विचार की मांग करने वाली याचिकाएं मंगलवार को खारिज कर दीं।



मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना की पांच न्यायाधीशों की पीठ ने यह कहते हुए समीक्षा याचिकाएं खारिज कर दीं कि 11 दिसंबर, 2023 को दिए गए फैसले में कोई त्रुटि नहीं है। पीठ ने कहा, 11 दिसंबर, 2023 को पारित हमारे फैसले की समीक्षा करने के बाद, हमें सुप्रीम कोर्ट के नियम 2013 के आदेश एक्सएल सात, नियम 1 के तहत समीक्षा के लिए मामला नहीं बनता।

## आठ दिन से लापता बांग्लादेशी सांसद कोलकाता में मृत मिले

● पुलिस ने कहा-ये प्री-प्लान मर्डर

**कोलकाता (एजेंसी)।** भारत में 8 दिन से लापता बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार बुधवार को कोलकाता के एक फ्लैट में मृत मिले। बांग्लादेश के गृहमंत्री असदुज्जमां खान ने कोलकाता पुलिस के हवाले से इसकी पुष्टि की है। कोलकाता पुलिस ने बताया कि सांसद अनवारुल का शव न्यू टाउन इलाके में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। पुलिस ने इस मामले में 3 बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही इसे प्री-प्लान मर्डर बताया है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, सांसद अनवारुल 12 मई को इलाज के लिए कोलकाता आए थे। इसके अगले दिन ही वे लापता हो गए। अनवारुल का 13 मई से फोन भी बंद आ रहा था। इसके बाद 17 मई को उनका फोन बिहार के किसी इलाके में कुछ देर के लिए ऑन हुआ था। वहीं पुलिस का कहना है कि उनके फोन से परिवार के सदस्यों को संदेश भेजे गए थे कि वह नई दिल्ली के लिए रवाना हुए हैं। अनवारुल अजीम अवामी लीग पार्टी से सांसद हैं।



## सेना पर संभलकर बोले कांग्रेस और धार्मिक मसलों पर बीजेपी कसे लगाम

● चुनाव आयोग ने दी बीजेपी-कांग्रेस को नसीहत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव में सांप्रदायिक आधार पर वोटों की अपील करने और सुरक्षा बलों के नाम पर मतदाताओं को रिझाने पर चुनाव आयोग ने ऐतराज जताया है। आयोग ने इस सिलसिले में भाजपा और कांग्रेस को नसीहत दी है कि वे ऐसा करने से बचें। आयोग ने कांग्रेस को कहा है कि वह डिफेंस फोर्सेज का



राजनीतिकरण न करे। इसके अलावा सुरक्षा बलों में सामाजिक-आर्थिक विविधता के बारे में भी टिप्पणी न करने को कहा गया है। चुनाव आयोग ने भाजपा को भी सलाह दी है कि वह धार्मिक आधार पर चुनाव प्रचार न करे। निर्वाचन आयोग ने भाजपा एवं उसके स्टार प्रचारकों को धार्मिक और सांप्रदायिक आधार पर चुनाव प्रचार करने से दूर रहने का निर्देश दिया। वहीं कांग्रेस से कहा- ऐसे बयान नहीं दें जिससे यह गलत धारणा बने।

वेद से अर्थशास्त्र, गुप्त से शिवाजी तक...

# भविष्य के युद्धों के लिए अतीत में झांक रही है सेना!

● सैन्य आधुनिकीकरण की दिशा में अब तेजी से आगे बढ़ रहा है भारत

● प्रोजेक्ट उद्भव के तहत वेदों से लेकर योद्धाओं तक से ले रही सीख



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** परंपरा की मजबूत नींव पर आधुनिकता की गगनचुंबी मीनार कैसे खड़ी की जाए, इस दिशा में भारतीय सेना तेजी से कदम बढ़ा रही है। सेना भविष्य की युद्ध रणनीतियों के लिए महाभारत जैसे महाकाव्य से लेकर प्राचीन राजवंशों तक राष्ट्र शक्ति के विभिन्न पहलुओं पर ज्ञान अर्जित कर रही है। सेना प्रमुख मनोज पांडे ने कहा, भारतीय सेना ने महाभारत के युद्धों और मौर्यों, गुप्तों एवं मराठों की रणनीतिक प्रतिभा का अध्ययन किया है, जिन्होंने भारत की समृद्ध सैन्य विरासत को आकार दिया। यह प्रॉजेक्ट उद्भव नामक एक पहल का हिस्सा है। इसका उद्देश्य राष्ट्र के ऐतिहासिक सैन्य ज्ञान से अंतर्दृष्टि प्राप्त करके सैन्य बल को प्रगतिशील और भविष्य के लिए तैयार बनाना है। थल सेना प्रमुख 1870 में स्थापित भारत के सबसे पुराने थिंक टैंक यूनाइटेड सर्विस इंस्टीट्यूशन (यूएसआई) के बैनर तले आयोजित भारतीय सामरिक संस्कृति में ऐतिहासिक प्रतिमान सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने भारतीय सेना के प्रॉजेक्ट उद्भव के बारे में बात की जिसका उद्देश्य महाभारत, वेदों, पुराणों, उपनिषदों और अर्थशास्त्र में वर्णित ज्ञान को सेना की मजबूती का आधार बनाना है। इस प्रॉजेक्ट को पिछले साल रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लॉन्च किया था। इसका शुभारंभ सेना और यूएसआई के आपसी सहयोग से अक्टूबर, 2023 में भारतीय सैन्य विरासत महोत्सव में हुआ था। सेना प्रमुख ने कहा कि इस परियोजना से प्रतिष्ठित भारतीय और पश्चिमी विद्वानों के बीच पर्याप्त बौद्धिक समानता का पता चला है। उन्होंने कहा,इस परियोजना में वेदों, पुराणों, उपनिषदों और अर्थशास्त्र जैसे प्राचीन ग्रंथों का गहन अध्ययन किया गया है, जो आपसी संबंध, धार्मिकता और नैतिक मूल्यों पर आधारित हैं। एक प्राइवेट अंग्रेजी न्यूज वेबसाइट ने सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से कहा कि प्रॉजेक्ट उद्भव के तहत जुटाए गए परंपरागत ज्ञान को तुरंत यूएसआई वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाएगा। यहां महान योद्धा राजाओं का समृद्ध इतिहास है, जिन्होंने शानदार नेतृत्व किया है।

मौसम

## बस थोड़ा सा इंतजार और जल्द आ रहा है 'मानसून'

● इस बार होगी झमाझम बारिश, केरल-तमिलनाडु में प्री मानसून बारिश शुरू



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तर भारत समेत देशभर के कई हिस्सों में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। दिन के समय बाहर निकलना भी मुश्किल हो रहा है। हीटवेव चलने की वजह से कई लोग बीमार भी पड़ रहे हैं। उत्तर प्रदेश, बिहार, दिल्ली, राजस्थान समेत कई राज्य भीषण गर्मी की मार झेल रहे हैं। मौसम विभाग ने बताया है कि उत्तर पश्चिम भारत, उत्तरी मध्य प्रदेश, गुजरात में अगले पांच दिनों के दौरान हीटवेव से लेकर गंभीर हीटवेव चलने वाली है। इसके अलावा, दक्षिण भारत में 24 मई तक भारी बारिश होगी। केरल में 22 मई को भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। वहीं, मॉनसून की बात करें तो 31 मई को इसके केरल में दस्तक देने की संभावना है। पिछले 24 घंटे के मौसम की बात करें तो पश्चिमी राजस्थान के कई हिस्सों में गंभीर हीटवेव की स्थिति देखी गई।

## किसी भी कीमत पर आरक्षण नहीं जाने देंगे

मंच पर भरी सभा में चिराग पासवान ने खायी कसम आरक्षण खत्म नहीं होगा

चाणक्य भूमि योगापट्टी।



योगापट्टी प्रखंड क्षेत्र के लक्ष्मीपुर के खेल मैदान में लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने जनसभा को संबोधित किया। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा है कि अबकी बार नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करें एवं एनडीए के उम्मीदवार सुनील कुमार कुशवाहा के हाथो को मजबूत करे। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में देश का सर्वाधिक विकास हुआ है। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी कीमत में आरक्षण को नहीं जाने देंगे मैं अपने पिता रामविलास पासवान के कसम खाकर आप सभी से यह वादा करता हूं। उन्होंने कहा कि वाल्मीकि नगर लोकसभा क्षेत्र से सुनील कुमार कुशवाहा के हाथों को मजबूत करे। मंच पर मंत्री शमा कुमार, राज्य सभा सांसद सतीश चंद्र दुबे,विजय पांडे,मंडल अध्यक्ष कौशल किशोर पांडे लौरिया विधायक विनय बिहारी, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुशवाहा प्रवक्ता इंद्रजीत ठाकुर इत्यादि मौजूद रहे।

# मैं गरीब मां का बेटा, मुझे किसी के लिए कुछ कमाना नहीं है

### यूपी के बस्ती में मोदी बोले-सपा वालों को टोंटी खोलने में महारत



**बस्ती/श्रावस्ती (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को बस्ती और श्रावस्ती में चुनावी रैली को संबोधित किया। श्रावस्ती में पीएम ने कहा- मैं गरीब मां का बेटा हूं। किसी शाही खानदान से नहीं हूं। मुझे किसी के लिए कुछ कमाना नहीं है। सपा और कांग्रेस वाले आपके घर से पानी की टोंटी खोलकर ले जाएंगे। इसमें इनकी महारत है। मोदी ने कहा- कल मैं एक वीडियो देख रहा था, जिसमें लोग भाग-भाग कर मंच पर चढ़ रहे थे। मैंने पूछा- ये हुड़दंग क्यों चल रहा है। तो बताया गया-सपा कांग्रेस वाले रैली में लोगों को लाने के लिए कॉन्ट्रैक्ट देते हैं, प्रति व्यक्ति पैसे देते हैं, लेकिन इन्होंने पैसा दिया नहीं, तो लोग भागकर मंच पर चढ़ गए। बस्ती में पीएम ने कहा- अब पाकिस्तान पस्त पड़ चुका है, लेकिन उसके हमदर्द सपा-कांग्रेस वाले भारत को डराने में जुटे हैं।

### मोदी जब तक जिंदा है तब तक आरक्षण कोई छीन नहीं सकता

चाहे जितना जोर लगा लें, मोदी जब तक जिंदा है। गरीब दलित, पिछड़े, आदिवासियों का आरक्षण कोई छीन नहीं सकता है। आपको गारंटी देता हूं, वंचितों का जो अधिकार है, वह दिलवाकर रहूंगा। पीएम ने कहा- मैं गरीब मां का बेटा हूं। मुझे किसी के लिए कुछ कमाना नहीं है। किसी शाही खानदान से नहीं हूं। देश को मजबूत बनाना चाहता हूं। इसके लिए आपका आशीर्वाद चाहता हूं। कांग्रेस वाले कमाई छीनकर अपने जिहाद वाले वोट बैंक को बांटना चाहता हैं। एससी, एसटी-ओबीसी का कोटा मुस्लिम वोट बैंक में बांट देंगे। पहले कर्नाटक में भी ऐसा कर चुके हैं। मोदी ने कहा- आपने देखा होगा आज गुंडे गले में तख्ती लटकाकर हाथ जोड़ते हैं। मुझे जेल में भेज दो। भाजपा यूपी को उस हालात में वापस नहीं जाने देगी, ये मोदी की गारंटी है। इंडी गठबंधन में कैंसर से बुरी बीमारियां हैं। ये फैलते-फैलते पूरे हिंदुस्तान को तबाह कर दें। ये तीनों बीमारियां देश के लिए कैंसर से भी ज्यादा विनाशक बन सकती हैं। सपा-कांग्रेस में डीएम, डीजीपी बनाने, नौकरी देने के लिए रेट कार्ड फिक्स था। अब यह सब बंद हो गया है। जिसका इतना नुकसान होगा। वह मोदी को गाली देगा ही। मोदी को ये गालियां मंजूर हैं। मोदी को अनाप-शनाप जो बोलना है, वह सब मंजूर है। मेरे लिए बोले, मेरे परिवार के लिए बोले। लेकिन, सपा-कांग्रेस वाले कान खोल के सुन लें, मोदी को भ्रष्टाचार मंजूर नहीं है, नहीं है, नहीं है। मोदी ने कहा-इनके नेता कह रहे हैं कि कांग्रेस आई तो सीएए को रद्द कर देंगे।

## मोदी ने देश के करोड़ों युवाओं को किया बेरोजगार: राहुल

● हरियाणा में बोले राहुल गांधी-कहा-पीएम ने सिर्फ 22 लोगों को अमीर बनाया ● अडानी कहने पर बीजेपी वाले मुंह नीचे कर लेते हैं, मंच पर भिड़े कांग्रेस नेता



**सोनीपत (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी हरियाणा के दौरे पर हैं। उन्होंने सबसे पहले चरखी दादरी में रैली की। इसके बाद वह सोनीपत पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि मोदी सरकार अरबपतियों की है। मोदी ने 22 लोगों का कर्जा माफ किया। सिर्फ 22 लोगों को अमीर बनाया। अब राहुल गांधी पंचकूला में संविधान सम्मान सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। चरखी दादरी में रैली के दौरान मंच पर राहुल के सामने बेटी श्रुति की टिकट कटने से नाराज विधायक किरण चौधरी और कैंडीडेट राव दान सिंह भिड़ गए। दोनों ने एक-दूसरे को अंगुलियां दिखाई। इसके बाद राहुल गांधी ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि वे हरियाणा की सभी 10 सीटें जीतेंगे। 4 जून को इंडिया गठबंधन की सरकार बन रही है। इसके एक महीने बाद 4 जुलाई को देश की करोड़ों महिलाओं के खाते में 8500 रुपए आएंगे। राहुल गांधी ने कहा कि मैं देश का बेटा हूं और पीएम नरेंद्र मोदी देश के राजा हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस युवाओं को पहली पक्की नौकरी देगी। राहुल गांधी ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने करोड़ों युवाओं को बेरोजगार किया है। सब छोटी कंपनियों को बंद कर दिया। कुछ दिन पहले मैं न्यू दिल्ली रेलवे स्टेशन भी गया था।

## पंजाब में मोदी के आने से पहले खालिस्तानी नारे लिखे, झंडा लगाया

**पटियाला (एजेंसी)।** पंजाब के पटियाला में पीएम नरेंद्र मोदी की रैली से ठीक एक दिन पहले मंगलवार को रैली स्थल के पास एक बिल्डिंग पर खालिस्तानी झंडा लगाया मिला है। इसके अलावा एक जगह पर खालिस्तानी नारा भी लिखा पाया गया। इसके बाद से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने के बाद आनन-फानन पुलिस मौके पर पहुंची और झंडे को हटाया। साथ ही दीवार पर लिखे नारे को भी मिटाया गया। फिलहाल, पुलिस ने कोई मामला दर्ज नहीं किया है। हालांकि, प्रशासन अलर्ट पर है, क्योंकि हाल ही में आतंकी पन्नू ने एक वीडियो जारी कर पंजाब में माहौल बिगाड़ने की कोशिश की है। बताया जा रहा है कि झंडा मिनी सचिवालय रोड पर एक निर्माणाधीन बिल्डिंग में लगाया गया था। यह बिल्डिंग पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह के मीडिया सलाहकार रहे भरत इंदर सिंह चहल की है। वहीं, पुराने बस स्टैंड के पुल पर खालिस्तान का नारा लिखा गया था। इसे आते-जाते लोगों ने देखा और पुलिस को सूचना दी। इसी घटना के तुरंत बाद आतंकी पन्नू का एक वीडियो भी वायरल हुआ।

पोर्श एक्सीडेंट केस

## नाबालिग पर अब ड्रिंक एंड ड्राइव का केस दर्ज

**पुणे (एजेंसी)।** पुणे में 18 मई की रात एक बिल्डर के नाबालिग बेटे ने शराब के नशे में अपनी पोर्श कार से बाइक को टक्कर मारी थी। हादसे में बाइक सवार इंजीनियर युवक-युवती की



मौत हो गई थी। आरोपी को जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड ने 15 घंटे में ही कुछ शर्तों के साथ रिहा कर दिया था, लेकिन बुधवार को उसे एक बार फिर बुलाया गया। दरअसल, पुणे पुलिस ने केस को गंभीर बताते हुए जुवेनाइल बोर्ड के फैसले के खिलाफ सेशन कोर्ट में अपील की थी। कोर्ट ने आदेश के रिव्यू के लिए पुलिस को जुवेनाइल बोर्ड जाने का निर्देश दिया था। इसके बाद बुधवार को पुलिस की अर्जी पर बोर्ड ने आरोपी को दोबारा बुलाया। पुलिस ने भी उसे पूछताछ के लिए बुलाया है। आरोपी युवक के पिता बिल्डर

● जुवेनाइल बोर्ड ने आरोपी को दोबारा बुलाया, पिता भी 24 मई तक पुलिस कस्टडी में

विशाल अग्रवाल को बुधवार को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उसे 24 मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। कोर्ट से ले जाने के दौरान कुछ लोगों ने पुलिस वैन पर स्याही फेंकी और नारेबाजी की। पुणे के पुलिस कमिश्नर अमितेश कुमार ने बताया- आरोपी 18 मई को रात करीब 10.40 बजे कोजी पब गया था। यहां उसने 90 मिनट में 48 हजार रुपए का बिल चुकाया।

## संक्षिप्त समाचार

### पटना और दिल्ली के बीच चलेगी वंदे भारत एक्सप्रेस, 9 घंटे में सफर होगा पूरा

**पटना।** पटना और दिल्ली के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस चलेगी। प्रति घंटा 130 किमी की रफ्तार से चलने वाली यह ट्रेन करीब 9 घंटे में दिल्ली पहुंचेगी। जबकि, राजधानी, संपूर्ण क्रांति और तेजस करीब 13 घंटे में दिल्ली पहुंचाती है। वंदे भारत आरा, बक्सर, डीडीयू होते दिल्ली पहुंचेगी। जल्द ही रेलवे बोर्ड इसकी सूचना जारी करेगा। इस ट्रेन में एग्जीक्यूटिव चेयरकार श्रेणी का 1 कोच और वातानुकूलित चेयरकार के 7 कोच होंगे। एग्जीक्यूटिव चेयरकार में 52 और वातानुकूलित चेयरकार में 478 सीटें होंगी। अभी पटना से लखनऊ के गोमतीनगर, हावड़ा, रांची और न्यू जलपाईगुड़ी के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस चलती है। दानापुर और बेंगलुरु के बीच जुलाई से अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन चलेगी। परिचालन से 8 दिन पहले रेलवे बोर्ड से समय सारणी जारी होगा। पटना से बेंगलुरु जाने में सामान्य ट्रेनों से 40-43 घंटे का समय लगता है। जबकि अमृत भारत से जाने में करीब 20 घंटे का ही वक्त लगेगा।

## झोलाछाप ने ले ली जान स्वास्थ्य विभाग सोया रहा

**स्वास्थ्य विभाग सोया रहा और झोलाछाप ने ले ली एक और जान अधिकारियों को अपने निजी फ़ायदे के लिये नहीं है आम जनों की परवाह**

**चाणक्य भूमि बेतिया।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मिर्जापुर गांव में एक झोला छाप डॉक्टर ने बच्चे को जैसे ही इंजेक्शन लगाया उसकी तबीयत खराब होने लगी और फिर मासूम की मौत हो गई। हंगामें की सूचना पर पहुंचीं पुलिस ने आक्रोशितों लोगों को समझा-बुझाकर मामले को शांत कराया और शव को कब्जे में लेकर गवर्नमेंट मेडिकल कालेज अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया। मृतक की पहचान



मिर्जापुर गांव निवासी जद्दू साह के 4 वर्षीय पुत्र आदर्श कुमार के रूप में हुई है। मृतक के पिता के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिसमें दोषी चिकित्सक श्रीराम मुखिया को नामजद आरोपित बनाया गया है। हालांकि, चिकित्सक क्लीनिक छोड़ फरार है। मामले की जांच कर आरोपित को गिरफ्तार किया जाएगा।

### बगहा पुलिस जिला में चुनाव के लिए 17 सीएपीएफ बटालियन पहुंची

**चाणक्यभूमि बगहा।** बगहा पुलिस जिला के पुलिस अधीक्षक सुशांत कुमार सरोज द्वारा प्रखंड बगहा दो के सभागार में सीएपीएफ( सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स) और बह्य व राज्य पुलिस से चुनाव को लेकर समन्वय स्थापित करने के लिए बुधवार को बैठक की। बगहा एसपी सुशांत कुमार स्वरोज ने बताया कि बगहा पुलिस जिला अंतर्गत लोकसभा चुनाव के लिए 17 सीएपीएफ बटालियन, बह्य बीएसएपी , बिहार राज्य बीएसएपी( बिहार स्पेशल आर्म्ड पुलिस) , जिला महिला बीएसएपी, अन्य पुलिस बल 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए तैनात कर दिया गया है। इस बैठक में पुलिस पदाधिकारीयों से आपस मे समन्वय बनाने के लिए सभी सीएपीएफ एवं पुलिस पदाधिकारीयों से एसपी ने चुनाव में सुरक्षा अन्य के मुद्दों पर बात की । इस बैठक में बगहा के एसडीपीओ कुमार देवेंद्र, बगहा हेडक्वार्टर डीएसपी और कई अन्य वरीय पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे। एसपी ने कहा कि लोकसभा चुनाव को शांतिपुर तरीके , भयमुक्त और स्वच्छ वातावरण में कराया जाएगा। जिसको लेकर पदाधिकारी को कई निर्देश दिया गया। केंद्रीय पुलिस बल और राज पुलिस द्वारा ग्रामीण और शहरी इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला जाएगा। एसपी ने कहा कि मतदाताओ को मत देने में कोई भी परेशानी होती है तो वे अपने नजदीकी थाना या पुलिस को सूचित करें, तुरंत वैसे लोगों पर भी विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

### चुनाव के मद्देनजर बैरिया में केंद्रीय पुलिस निकाला फ्लैग मार्च

**चाणक्य भूमि बैरिया।** बैरिया थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर केंद्रीय पुलिस बल के साथ थाने के पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च के दौरान लोगों को शांतिपूर्वक व भयमुक्त मतदान करने की अपील की गई। आपको बता दे की लोकसभा चुनाव 2024, 25 मई को पश्चिमी चंपारण जिला में होना है। जी को लेकर पुलिस लगातार क्षेत्र में गस्ती लग रही है।तो वही बैरिया थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने फ्लैग मार्च के दौरान लोगों से अपील करते हुए कहा कि क्षेत्र में कहीं भी किसी प्रकार के सूचना मिले तो पुलिस को सूचना दे। पुलिस असामाजिक तत्वों पर नजर बनाई हुई है। फ्लैग मार्च में पखनाहा बाजार में जमादार राजेश सिंह पीएसआई मिथिलेश वर्मा, लौकरिया में पी एस आई रमेश कुमार,एएसआई सुरेंद्र कुमार दिवाकर साहित्य अन्य पुलिस कर्मियों ने फ्लैग मार्च निकाला।

### मझौलिया में चार कंपनी केंद्रीय अर्द्ध सैनिक बल की प्रतिनियुक्ति

**पंचायतवार पुलिस लगा रही गस्त ,तीन लोगों पर लगा सीसीए साथ ही एक दर्जन युवक गुंडा एक्ट में रजिस्टर्ड**

**चानक्य भूमि मझौलिया।** सार्वजनिक स्थलों पर बेवजह भीड़ लगाकर आपत्तिजनक टिप्पणी करने व सोशल मीडिया पर प्रचार प्रसार करने की निगरानी हेतु एक सेल का गठन किया गया है। अधिकारी सदा लिवास में तैनात किए गए हैं। सार्वजनिक स्थलों पर भादवि की धारा 144 के तहत कार्रवाई किया जा रहा है। उन्होंने राजनीतिक पार्टियों के कार्यकर्ताओं युवा वर्ग के युवाओं से अपील किया है कि आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए पुलिस को सहयोग करें अन्यथा बाध्य होकर कार्यवाही करना पड़ जायेगा। थानाअध्यक्ष श्री मिश्र ने बताया कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए अब तक 1860 लोगों पर 107 की कार्रवाई की गई है। 320 वाहन मालिकों को एमजेके कॉलेज में वाहन जमा करने हेतु नोटिस भेज दिया गया है ।उन्होंने बताया कि अनुमंडल पदाधिकारी न्यायालय द्वारा 107 की नोटिस जिन लोगों को दिया गया है उनका थाना पर ही बाउंड भरा गया । स्थानीय दस युवको पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गई है।03 लोगों पर सीसीए की कार्रवाई की गई है।मंगलवार के दिन से चार कंपनी केंद्रीय अर्ध सैनिक बल की प्रतिनियुक्ति की गई है,जिसमे 125 जवान शामिल है।इन जवानों को मोतीलाल हाई स्कूल मझौलिया, हरगुन शाही हाई स्कूल सरिसवा,सीताराम हाई स्कूल लालसरैया तथा सेनुअरिया पंचायत के अमवा में कैम्प कराया गया है।अर्ध सैनिक बलो के साथ पंचायतों में गश्त लगायी जा रही है।

### ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**चाणक्य भूमि मझौलिया।**नरकटियागंज मोतिहारी रेलखण्ड के मझौलिया रेलवे स्टेशन के निकट 5706 डाउन हमसफर एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर एक 24 वर्षीय युवक उज्जवल कुमार की मौत हो गई ।जीआरपी बेतिया ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेजा।बताया गया है कि उक्त युवक हमसफर एक्सप्रेस से सफर कर रहा था।वह युवक सीढ़ी के ऊपर बैठा था।ट्रैक बदलने के दौरान झटका से नीचे गिर गया। घटना 09 बजे सुबह की है।मृत युवक की पहचान शिकारपुर थाना क्षेत्र के मनियारी कुकरा गावं का रहनेवाला के रूप में पहचान हुई है।असावधानी के कारण यूवक की जान गयी।गिरने के बाद युवकलहूलुहान हो गया था।अत्यधिक रक्तश्राव केकारण युवक ने दम तोड़ दिया।

# युवक की मौत के बाद पुलिस पर पथराव, गाड़ी फूंकी

**2 जवान घायल, पटना पुलिस पर वसूली का आरोप, एक महीने पहले हुई थी शादी**

**एजेंसी, पटना।**

पटना के दानापुर के शाहपुर थाना क्षेत्र में उसरी पुल पर लोडेड ट्रैक्टर नाला में पलट गया। हादसे में चालक की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों ने जमकर बवाल काटा। पुलिस टीम पर पथराव कर दिया। गाड़ी में भी आग लगा दी। पथराव में दो पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। जिन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं। मृतक चालक की पहचान शाहपुर निवासी पप्पू यादव के बेटे रोशन कुमार(20) के रूप में हुई है। एक महीने पहले ही उसकी शादी हुई थी। मृतक के भाई मंटू कुमार ने बताया कि रोशन कुमार रोड़ा लेकर उसरी की ओर जा रहा था। पुल पर पुलिस की गश्ती टीम पैसे वसूल रही थी। पैस मांगने पर चालक सराय की ओर गाड़ी की ओर भागने लगा। इस दौरान उसरी पुल पर गाड़ी बड़े नाला में पलट गई। ट्रैक्टर के नीचे दबने से उसकी मौत हो गई। क्रेन की मदद से शव को बाहर निकाला गया। पुलिस पर पथराव और पुलिस जीप को आग को हवाले करने के मामले में शाहपुर पुलिस ने 19 लोगो को मंगलवार की रात हिरासत में लिया था। इसमें लगभग 15 लोगो के खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजने की तैयारी की जा रही है।





**आक्रोशित भीड़ ने काटा बवालः** रोशन की मौत के बाद लोग आक्रोशित हो गए। पुलिस टीम पर पथराव कर दिया। इस दौरान पुलिस ने 2 से 3 राउंड फायरिंग भी की, लेकिन विरोध करने पर सुरक्षाबलों को पीछे हटना पड़ा। परिजनों ने पुलिस वाहन में आग लगा दी। इस दौरान आक्रोशित भीड़ ने गोलगप्पे वाले की भी पिटाई कर दी और उसका ठेला पलट दिया।

**एक दर्जन से अधिक लोगों को पुलिस ने हिरासत में लियाः** घटना की सूचना पर एएसपी दीक्षा, एसडीओ प्रदीप सिंह, थानाध्यक्ष पीके भारद्वाज समेत पुलिस टीम मौके पर पहुंची। हंगामा कर रहे लोगों पर लाठीचार्ज किया गया। एक दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत लिया है। मौके पर शाहपुर, दानापुर, रूपसपुर और खगौल पुलिस कैंप कर रही है।

**दो सिपाही जख्मी हुएः** एएसपी दीक्षा ने बताया कि ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत हो गई थी। जिसको लेकर परिजनों और स्थानीय लोगों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। दो सिपाही जख्मी हुए हैं। एक दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रहा है।

**सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही पुलिसः** शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल भेजा गया है। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। पुलिस की ओर से कोई फायरिंग नहीं की गई है। मामले की छानबीन की जा रही है।

## अस्पताल संचालक पर गोलीबारी मामले में शूटर्स की गिरफ्तारी नहीं, 3 अपराधियों ने सिर में मारी थी गोली

**एजेंसी, पटना।**

पटना के शास्त्रीनगर इलाके में हॉस्पिटल और होटल संचालक गुड्डू सिंह उर्फ अविनाश आनंद पर गोलीबारी मामले में पुलिस की जांच जारी है। मास्टमाइंड मनोज राय को गिरफ्तार कर लिया गया है। हालांकि शूटर्स की अब तक गिरफ्तारी नहीं हुई है। अपराधियों ने सिर में गोली मारी थी। गुड्डू सिंह की हालत गंभीर बनी हुई है। अस्पताल में इलाज जारी है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर इस घटना में इस्तेमाल बाइक का नंबर निकाला, लेकिन गाड़ी का नंबर प्लेट बदला हुआ था। बाइक सवार तीनों अपराधियों की पहचान कर ली गई है। गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

**खटाल मालिक मनोज राय भेजा गया जेलः** पुलिस की पूछताछ में मास्टरमाइंड और खटाल चलाने वाले मनोज राय ने बताया कि अविनाश की नजर बहुत दिन से मेरे खटाल पर थी। वो नहीं चाहता था कि यहां खटाल रहे। अविनाश मुझे और मेरे पिता को जान से मारने की धमकी भी दे चुका था। नगर निगम में सेटिंग करके मेरा खटाल तुड़वाया था। मनोज ने बताया कि मछली गली के खटाल को अविनाश हमेशा तुड़वाने की धमकी देता था। खटाल हटने के बाद भी अविनाश कहता था कि अब इस गली में रहने भी नही देंगे। अपने एक दोस्त को मैंने अविनाश को डराने-धमकाने के लिए



कहा था। घटना के बाद से मेरी बात उससे नहीं हुई है। उसने किसको भेजा था या वो खुद आया था, इस बात की जानकारी मुझे नहीं है। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चिन्हित किए अपराधियों की गिरफ्तारी में जुटी हुई है।

**कब और कैसे हुई थी घटनाः** शास्त्रीनगर थाना क्षेत्र में 19 मई को अपराधियों ने हॉस्पिटल और होटल संचालक गुड्डू सिंह उर्फ अविनाश आनंद को सिर में गोली मार दी थी। यह घटना राजाबाजार के मछली गली में उस वक्त हुई जब संचालक घर से निकलकर अपनी बाइक से कहीं जा रहे थे। साईं मंदिर के पास पहुंचते ही बाइक पर सवार 3 अपराधी सिर में गोली मारकर फरार हो गए। अविनाश वहीं गिर गए। सिर से काफी खून निकलने लगा। आनन-फानन में आसपास के लोगों ने निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

**अस्पताल में भर्ती, हालत नाजुक**

**मनोज और आनंद की पुरानी रंजिशः** जानकारी के मुताबिक आरोपी मनोज राय और पीड़ित अविनाश दोनों मछली गली में ही रहते हैं। आनंद का होटल और हॉस्पिटल भी इसी गली में है। मनोज का खटाल भी इसी गली में था। खटाल की वजह से आसपास गंदगी फैली रहती थी। आनंद हमेशा उसको बंद कराने की बात करता था। इसको लेकर दोनों में कई बार लड़ाई भी हुई थी। घटना से कुछ दिन पहले कोर्ट के आदेश के बाद खटाल को प्रशासन ने खाली करा दिया था। मनोज और उसके पिता को लगने लगा कि आनंद ने ही हमारा खटाल हटवाया है। इसी बात का बदला लेने के लिए मनोज ने आनंद को मारने की साजिश रची।

**सिटी एसपी ने क्या कहाः** वहीं, पटना के सिटी एसपी मध्य चंद्र प्रकाश ने बताया कि छानबीन और आसपास के लोगों से पूछताछ के आधार पर पुरानी रंजिश का पता चला है। खटाल खाली होने के बाद मनोज ने आनंद को मारने के लिए ये साजिश रची है। गोली मारने वाले शूटर्स थे। पुलिस आनंद के फोन का सीडीआर खंगाल रही है, ताकि ये पता चल सके कि आनंद ने उस दौरान किससे बात की थी। वारदात को अंजाम देने वाले तीनों शूटरों की पहचान कर ली गई है। पुलिस इस पूरे घटना में लाइनर की भूमिका तलाश रही है।

## PMCH पहुंचे पप्पू यादव, छपरा गोलीकांड में घायलों से मिले

**एजेंसी, पटना।**

छपरा गोलीकांड में घायलों से पूर्व सांसद पप्पू यादव ने पीएमसीएच में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाया और घटना की पूरी जानकारी ली। साथ ही डॉक्टरों से भी घायलों की स्थिति के बारे में बात की। पूर्व सांसद पप्पू यादव ने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए प्रशासन पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि चुनाव में हिंसा पूरी तरह से गलत है। इसलिए प्रशासन को इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहिए। जल्द से जल्द उपद्रवियों को गिरफ्तार करना चाहिए।

**क्या है पूरा मामलाः** 20 मई को पांचवें चरण के मतदान के दौरान छपरा के मुफस्सिल थाने में दो गुटों के बीच जमकर पत्थरबाजी और मारपीट हुई थी। बताया जा रहा है कि मतदान के अंतिम समय में राजद प्रत्याशी रोहिणी आचार्य तेलपा के बूथ पहुंची थीं। किसी बात को लेकर रोहिणी के समर्थक और स्थानीय लोगों में झड़प हो गई। इसके बाद दोनों एक-दूसरे पर टूट पड़े। दोनों गुट बीजेपी और राजद समर्थक



♦ **बोले- चुनाव में हिंसा पूरी तरह से गलत है, उपद्रवियों की गिरफ्तारी होनी चाहिए**

बताया जा रहे हैं। वहीं, घटना के दूसरे दिन मंगलवार सुबह मुफस्सिल थाने के तेलपा भिखारी चौक के पास फायरिंग हुई थी। इसमें एक युवक चंदन राय की मौत हो गई थी, जबकि दो लोग गुड्डु राय और मनोज राय घायल हो गए थे। घायलों का इलाज पटना के पीएमसीएच में चल रहा है।

## पर्यटन निगम ने बनाया स्पेशल टूर पैकेज

**पटना से राजगीर और बोधगया के लिए एक दिन का टूर पैकेज, हर शनिवार और रविवार को खुलेगी बस**

**एजेंसी, पटना।**

गर्मी की छुट्टी को लेकर पर्यटन निगम ने स्पेशल टूर पैकेज बनाया है। पटना के लोग बोधगया, राजगीर जू सफारी, नेचर सफारी, ग्लास ब्रिज, ककोलत जलप्रपात आदि जगह घूम सकेंगे। प्रति पर्यटक शुल्क 2600 से 3500 रुपए है। एक दिन का टूर पैकेज है। इसकी सुविधा हर शनिवार और रविवार को मिलेगी। इसके अलावा छुट्टी के दिन भी टूर पैकेज बुक कर सकते हैं। आर ब्लॉक स्थित होटल कौटिल्य से सुबह 7 बजे गाड़ी खुलेगी और रात 8 बजे तक पटना वापस होगी। कम से कम 10 पर्यटक रहने पर ही टूर पैकेज



का लाभ मिलेगा। मोबाइल नंबर 9334312408, 9801693189, 9905653597 पर कॉल करके पूरी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा पटना दर्शन का भी पैकेज है। इसके तहत 2700 रुपए में गांधी मैदान स्थित गांधी मूर्ति, बिहार म्यूजियम, गुरुद्वारा, बुद्ध स्मृति पार्क, गंगा मरीन ड्राइव घूमने के साथ क्रूज का आनंद उठा सकेंगे।

## केंद्रीय विद्यालय में छात्रों को किया गया सम्मानित

**प्रिंसिपल बोले- शिक्षकों का भी योगदान है, सही गाइडेंस जरूरी**

**एजेंसी, पटना।**

पटना के दानापुर में पीएम केंद्रीय विद्यालय दानापुर कैंट में सीबीएसई की 12वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस वर्ष पीएम केंद्रीय विद्यालय दानापुर कैंट ने 12वीं की बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत परिणाम गुणवत्ता के साथ दिया। दो पालियों में चलने वाले इस विद्यालय से इस बार 12वीं की परीक्षा में 322 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था। सभी संकायों के छात्र-छात्राओं ने शत प्रतिशत परिणाम दिया। विद्यालय के सम्मान समारोह में सभी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र -छात्राओं का सम्मान किया गया। प्राचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने सभी प्रतिभाशाली छात्रों को माला पहनाया



तथा अंगवस्त्र प्रदान किया साथ में मिष्ठान वितरण भी किया गया।

**कौन रहे टॉपरः** स्कूल में आयुष आर्यन विज्ञान संकाय में 95 प्रतिशत, अंजली कुमार आर्ट्स में 93.2 प्रतिशत तो वहीं शुधांधु रंजन कॉमर्स में 90.8 प्रतिशत अंक लाकर टॉप रहे। इस मौके पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक भोला सिंह एवं शिक्षिका नूतन कुमारी ने छात्रों को संबोधित किया एवं भविष्य में सतत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दरम्यान सभी छात्र-छात्राओं ने अपने अनुभव को साझा करते हुए विद्यालय के वातावरण एवम शैक्षिक माहौल की प्रशंसा की।

**शिक्षकों का सहयोग जरूरीः** शिक्षकों का सहयोग एवं साथियों के सहयोग को सबसे महत्वपूर्ण बताया। प्राचार्य संजीव सिन्हा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र देश के भविष्य को निर्धारित करते हैं। मुझे उम्मीद है कि देश के श्रेष्ट नागरिकों में अपनी जगह बनाएंगे। इस दौरान उन्होंने छात्रों के भविष्य से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की एवं कहा कि विद्यालय आपके सहयोग के लिए हमेशा तैयार है। उन्होंने छात्र एवं छात्राओं को भविष्य की ढेर सारी शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक बीके सिंह ने किया।

## मतदान का बहिष्कार, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**कहा- 20 साल से गांव में सड़क नहीं है, चुनाव के बाद कोई नहीं पूछता**

**एजेंसी, पटना।**

पटना साहिब संसदीय क्षेत्र के खुसरूपुर में लोगों ने वोट बहिष्कार का ऐलान किया है। मूलभूत सुविधाओं से वंचित फुलवरिया बिंद टोली मोहल्ले के सैकड़ों लोगों ने विरोध-प्रदर्शन किया। इस गांव में करीब 1200 वोटर्स हैं।

**किसी ने हमारी समस्याओं का समाधान नहीं किया- ग्रामीणः** ग्रामीणों का कहना है कि 20 वर्षों से बिंद टोली में सड़क नहीं है। इस संबंध में अधिकारी, मुखिया, विधायक और सांसद का ध्यान कई बार आकृष्ट कराया। इसके बाद भी किसी ने हमारी समस्याओं का समाधान नहीं किया। चुनाव के समय गांव में जनप्रतिनिधियों का आना है। उसके बाद कोई नहीं पूछता। ऐसे में इस हमलोगों ने निर्णय लिया है कि किसी को भी



वोट नहीं देंगे।

**रोड नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगीः** यह इलाका दो गंगा घाटों के किनारे बसी है। जहां अच्छी खासी आबादी रहती है। सड़कें पूरी तरह से कच्ची है। बारिश के दिनों में तो घर से निकलना मुश्किल हो जाता है। इस वजह से ग्रामीणों में नाराजगी है।

**मजबूरन वोट का किया बहिष्कारः** स्थानीय लोगों का कहना है कि गांव में सड़क नहीं होने से काफी तकलीफ होती है। कोई भी वाहन घर तक नहीं पहुंचती है। आए दिन सड़क मार्ग पर छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं होती रहती है। सरकार हम गरीबों की एक नही सुनती है। मुखिया, विधायक और सांसद देखने तक नहीं आते हैं। ऐसे में मजबूर होकर बिंद टोली फुलवरिया के ग्रामीणों ने इस वार मतदान का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है।

**सरकार के दावों पर उठ रहे सवालः** अब सवाल ये उठता है कि एक ओर तो सरकार विकास का दावा करती है, लेकिन दूसरी ओर जिले से महज 32 किलोमीटर पर फुलवरिया बिंद टोली विकास से अछूता है। आखिर जिम्मेदार कौन हैं।

## पटना में मिल की आड़ में शराब फैक्ट्री का संचालन

**12 घंटे तक चली छापेमारी, करीब 15 लाख की शराब बरामद**

**एजेंसी, पटना।**

पटना के दीदारगंज थाना क्षेत्र के छपाक वॉटर पार्क के नजदीक आटा चक्की मिल की आड़ में नकली शराब बनाने के फैक्ट्री का मध्य निषेध विभाग ने खुलासा किया है। 12 घंटे तक चली छापेमारी अभियान में तीन जगह कार्रवाई हुई। इस अभियान में विभाग ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही विभाग के द्वारा लगभग 15 लाख से अधिक की नकली शराब सहित रैपर, स्पिरिट, कैप सहित दो मशीन जप्त किया है। इससे शराब पैक किए जाते थे। मध्य निषेध विभाग के इंस्पेक्टर अजीत कुमार ने बताया कि मंगलवार को पटना के एक जगह पर पुलिस ने एक ऑटो से गैलन में ले जा रहे स्पिरिट को जब्त किया था। पूछताछ के दौरान खुलासा हुआ कि छपाक वॉटर पार्क के नजदीक और जेठूली ग्राम में बड़े पैमाने पर शराब बनाने का



कारोबार चल रहा है। विभाग की टीम ने वहां छापेमारी की तो बड़े पैमाने पर तैयार की गई नकली विदेशी शराब की बरामदगी हुई। जब्त सामानों की कीमत करीब 15 लाख है। उन्होंने बताया कि जिस जगह पर शराब बनाने के फैक्ट्री का उद्वेदन हुआ है। उस जगह को फिलहाल सील कर दिया गया है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि होम्योपैथिक दवाई के नाम पर किन-किन लोगों द्वारा स्प्रिट मंगाकर नकली शराब बनाने का कारोबार किया जा रहा था।

# स्वच्छता प्रबंधन सप्ताह की शुरुआत में महिलाओं और किशोरियों ने साझा किए अपने पहला अनुभव

चाणक्यभूमि संवादसूत्र



- सहयोगी संस्था ने महिलाओं और किशोरियों में मासिक धर्म के प्रति जागरुक करने के उद्येश्य से स्वच्छता प्रबंधन सप्ताह की शुरुआत

सहयोगी संस्था ने बुधवार को मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन सप्ताह के सात दिवसीय अभियान की शुरुआत की है। अभियान की शुरुआत में सहयोगी संस्था द्वारा समुदाय की महिलाओं एवं किशोरियों से उनके प्रथम मासिक धर्म के अनुभव को जाना। इस सप्ताह का उद्देश्य महिलाओं और किशोरियों को मासिक धर्म के प्रति जागरूक करना और समाज में इसके प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना मुख्य उदृेश्य है। सहयोगी संस्था की कार्यकारी निदेशक रजनी ने इस महत्वपूर्ण पहल के बारे में बात करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य न केवल मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में जागरूकता बढ़ाना है, बल्कि समाज में इसके प्रति मौजूद भ्रांति और गलत धारणाओं को दूर करना भी है।

अभियान के पहले दिन महिलाओं और किशोरियों ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि कैसे उन्हें मासिक धर्म के दौरान कई तरह चुनौतियों का सामना करना पड़ा और उन्हें किस तरह की जानकारी और समर्थन की आवश्यकता थी। उनके अनुभवों ने स्पष्ट किया कि मासिक धर्म के विषय में शिक्षा और जागरूकता की कितनी आवश्यकता है।

**मासिक धर्म के प्रति सकारात्मक परिवर्तन लाना उद्देश्य**:सहयोगी संस्था की कार्यकारी निदेशक रजनी ने कहा "मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन सप्ताह का उद्देश्य महिलाओं और किशोरियों को एक ऐसा मंच प्रदान करना है, जहां वे अपने अनुभवों को बिना किसी झिझक के साझा कर सकें। इस प्रकार के संवाद से हम समाज में मासिक धर्म के प्रति सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं।"

**अगले छह दिनों में होगीं कई गतिविधियां**:अभियान के तहत अगले छह दिनों में विभिन्न गतिविधियों और कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें माहवारी रैली, माहवारी मेला, रेड डॉट और ब्रेसलेट, माहवारी पर पेंटिंग, पैनल डिस्कशन और माहवारी पर लड़कों से बातचीत शामिल है। साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से भी अभियान चलाया जायेगा ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसमें शामिल किया जा सके। सहयोगी संस्था का यह कदम निश्चित रूप से महिलाओं और किशोरियों के जीवन में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन लाएगा और समाज को एक स्वस्थ और जागरूक दिशा में ले जाएगा।

# मोतिहारी पुलिस की लॉटरी कारोबारी पर बड़ी कारवाई दो गिरफ्तार



चाणक्यभूमि मोतिहारी

लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 के दृष्टिगत आसूचना संकलन के क्रम में दिनांक-19.05.2024 को प्राप्त सूचना के सत्यापन एवं अग्रतर कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी के निर्देश मे नगर थानाध्यक्ष मोतिहारी द्वारा थानाक्षेत्र के मीना बाजार स्थित बर्फ फैक्ट्री के पास से दो व्यक्ति को 22 बंडल नागालैंड स्टेट का लौटरी टिकट सहित अन्य सामग्री के साथ गिरफ्तार किया गया है। इस संदर्भ में नगर थाना मोतिहारी में कांड दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है गिरफ्तारी हुए व्यक्तियों मे विशाल कुमार, थाना-छतौनी, एवं संजीत कुमार, थाना-छतौनी, जिला-पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी वहीं सामग्री बरामदगी मे नागालैंड स्टैट का लौटरी टिकट 22 बंडल (कुल-3000), नगद 3160/-रू0,,मोबाईल-02 पीस, अंगेजी शराब-200 मिली, हिसाब-किताब करने वाला रजिस्टर-15, गुगल पे क्यूआर कोड. कैलकुलेटर,बरामद हुआ।पुलिस छापमारी दल. मे पु०नि० राकेश कुमार भास्कर, थानाध्यक्ष,प्रवीण कुमार व अन्य नगर थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

# कल सुगौली मे आयोजित होगी योगी आदित्यनाथ की सभा

चाणक्य भूमि बेतिया



25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर एनडीए प्रत्याशी और तीन बार के सांसद डॉ संजय जायसवाल के पक्ष में एनडीए के दिग्गज नेताओं का आना लगातार जारी है।इसी क्रम में कल प्रचार अभियान की समाप्ति के आखरी दिन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और भाजपा के फायर ब्रांड नेता योगी आदित्यनाथ का आगमन प. चम्पारण में होने जा रहा है।

अपने आगमन के दौरान योगी आदित्यनाथ जी आगमन कल शाम 4 बजे होने जा रहा है।आगमन के पश्चात वह सुगौली के महारानी जानकी कुंवर स्टेडियम में एनडीए प्रत्याशी डॉ संजय जायसवाल के पक्ष में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। उनके आगमन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह व्याप्त है।






# लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भारत नेपाल सीमा सील

चाणक्य भूमि रक्सौल



पूर्वी चंपारण व पश्चिम चंपारण में छठे चरण में 25 मई को मतदान होना है। मतदान को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर भारत-नेपाल सीमा को आज से 25 मई शाम 6 बजे तक बॉर्डर को सील कर दिया गया है। 25 मई को मतदान के बाद शाम 6 बजे से बॉर्डर को खोल दिया जाएगा। इस दौरान स्वास्थ्य सेवाओं सहित अन्य इमरजेंसी सेवाएं चालू रहेंगी। सीमावर्ती क्षेत्र में 25 मई को होने वाले मतदान को लेकर सुरक्षा के दृष्टि से भारत नेपाल सीमा को रविवार शाम 6 बजे तक आवागमन के लिए बंद कर दिया गया है। बॉर्डर सील होने के बाद सभी प्रकार के वाहनों का आना व जाना बंद हो गया है। वही पैदल आते व जाते लोगों को देखा गया। भारत-नेपाल का मुख्य बॉर्डर मैत्री पुल, पंटोका, शिवान टोला, सहदेवा, महदेवा, मुशहरवा में सुरक्षाबलों को तैनात कर दिया गया है। चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर एसएसबी के द्वारा बॉर्डर पर गहनता से जांच की जा रही है। वही बॉर्डर के सील होने से लोगों की परेशानिया भी देखने को मिली। जो नेपाल से भारत व भारत से नेपाल आये थे उन्हें पैदल ही अपने देश लौटना पड़ा। हालांकि स्वास्थ्य सेवा व अन्य इमरजेंसी सेवाएं चालू रहेगी।

# आयुष चिकित्सकों की समस्याओं का जल्द हो निदान - डॉ मनीष कुमार

चाणक्यभूमि मोतिहारी



- आयुष चिकित्सकों का 1 माह का वेतन काटा गया है जो न्याय संगत नहीं

राज्य मे मार्च 2024 को आयुष चिकित्सकों का रिजल्ट प्रकाशित हुआ कुल पद 3270 था जिसमें 2666 आयुष मेडिकल ऑफिसर, 235 आयुष फिजिशियन कुल 2901 पदों पर रिजल्ट जारी हुआ। आयुष फिजिशियन की नियुक्ति जिला अस्पताल या अनुमंडलीय अस्पताल में होना है।ज्ञात हो कि चिकित्सकों की नियुक्ति से पूर्व उनकी पोस्टिंग हेतु जिलों का चॉइस मांगा गया था जिसमें पूर्णिया सदर अस्पताल या बेतिया सदर अस्पताल जो मेडिकल कॉलेज में परिवर्तित है जिन चिकित्सकों ने चयन हेतु पूर्णिया या बेतिया जिला दिया उनके लिए समस्या यह है कि पूर्णिया सदर अस्पताल और बेतिया सदर अस्पताल दोनों मेडिकल कॉलेज वर्तमान में बन चुका है। जिसके कारण दोनों जगह पर जो ऑप्शन दिए हैं उनकी नियुक्ति सम्भव नहीं है। सभी सदर अस्पतालों में 6 रिक्त पद दिखाया गया था आयुष फिजिशियन का परंतु मेडिकल कॉलेज बन जाने के कारण उन स्थानों पर आयुष चिकित्सकों का पद समाप्त है, आयुष चिकित्सकों के प्रशिक्षण के बाद जब उनकी नियुक्ति होगी तब रिक्त पद के अभाव में वहां के चिकित्सक "वेटिंग फॉर पोस्ट" हो जाएंगे। पहले ही यह प्रशिक्षण 15 दिनों का होना था,जो इलेक्शन के कारण 3 माह में बदल गया जिसके कारण चिकित्सकों की पोस्टिंग अ धर में लटका हुआ है। जिसके कारण उनकी नियुक्ति एवं वेतन में काफी विलंब होगा आयुष मेडिकल अफसर को एक माह का वेतन एवं टीडीएस पहले से ही कटा हुआ है नियुक्ति में विलंब के कारण कई महीना से पूर्व प्रशिक्षित चिकित्सकों को वेतन मिलने का असर नहीं दिख रहा है अतः स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव से इंडियन आयुष मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव डॉक्टर मनीष कुमार ने मांग किया है कि आयुष फिजिशियन के जिन चिकित्सकों ने नियुक्ति बेतिया या पूर्णिया का ऑप्शन दिया है उनके नियुक्ति के बारे में विचार किया जाए अन्यथा वे काफी परेशानी झेलने को विवश हो जाएंगे डॉ मनीष कुमार ने कहा कि आयुष चिकित्सकों का 1 माह का वेतन काटा गया है जो न्याय संगत नहीं, उन्होंने बताया की जून 2023 तक ही एरियर दिया गया अतः बकाया एरियर के भुगतान का मांग इंडियन आयुष मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव डॉक्टर मनीष कुमार ने किया है। उन्होंने विभाग से मांग किया है कि आयुष फिजिशियन के जिन चिकित्सकों की पोस्टिंग की समस्या है उनकी पोस्टिंग पर विचार करते हुए जिला अस्पताल या अनुमण्डलीय अस्पताल का ऑप्शन दिया जाए साथ ही वेतन बकाया है उनको वेतन अविलम्ब दिया जाए।इस सम्बन्ध मे डॉ मनीष कुमार ने स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव को पत्र भी लिखा है।









# लालू-राबड़ी का कुशासन का था राज अभी के शासन में केवल विकास

चाणक्यभूमि बगहा



जदयू पार्टी कार्यालय मे बुधवार को प्रदेश के महासचिव सह प्रवक्ता धीरज कुशवाहा और प्रदेश महासचिव पैनलिस्ट मनोरंजन गिरि ने मीडिया को संबोधित किया।इस दौरान प्रवक्ताओं ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शासनकाल में वाल्मीकिनगर संसदीय इलाके में विकास को लेकर चर्चा की।साल 1990 के दशक में लालू-राबड़ी के शासनकाल में कुशासन का राज था।वहीं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शासनकाल विकास की गंगा बह रही है।नीतीश कुमार की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि आज उनकी कोशिशों के चलते इलाके का चौमुखी विकास हो रहा है।जिले में नए पुलस पुलिया और सड़कों का निर्माण हो रहा है।लोग सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर हो रहे हैं।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने राज्य के हर वर्ग का विकास करने का काम किया है।सरकार ने सत्ता संभालते ही 2006 में पंचायती राज में महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था कर उन्हें सबल बनाने का काम किया।साथ ही साल 2007 में नगर निकायों में भी महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण देने का काम किया।जिसकी बदौलत आज महिलाओं की पंचायती राज व्यवस्था में बेहतर भागीदारी सुनिश्चित हुई है।उन्होंने कहा कि राजद ने अपने 15 सालों के कुशासन के दौरान महिलाओं,समाज के कमजोर वर्ग दलित, पिछड़ों और अति पिछड़ों के हकों को छीनने का काम किया।राजद पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि अति पिछड़ों को पंचायती और नगर निकाओं में आरक्षण को खत्म करने की साजिश रच रही है।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने पिछड़ों और अति पिछड़ों को जो राजनीतिक ताकत दी है वो राजद को बर्दाश्त नहीं हो रहा है।पार्टी प्रवक्ताओं ने कहा कि राजद ने कभी भी महिलाओं को उचित सम्मान नहीं दिया।जबकि मुख्यमंत्री नीतीश की सरकार ने पुलिस बल में महिलाओं को 35 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के राज में पुरुषों और महिलाओं के बीच जो समानता है वो लालू यादव को बर्दाश्त नहीं हो रहा है।पार्टी प्रवक्ताओं ने कहा कि आज राज्य में मुख्यमंत्री के शासनकाल में महिलाएं आर्थिक तौर पर सशक्त और आत्मनिर्भर बन रही है।आज राज्य में जीविका दीदियां आर्थिक तौर पर मजबूत होकर सफलता की नई कहानी लिख रही है।प्रवक्ताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री ने राज्य में नए मेडिकल कॉलेजों और इंजीनियरिंग कॉलेजों की स्थापना की जिसके चलते आज बिहार में छात्र छात्राएं राज्य में ही रहकर उच्च शिक्षा पा रही है।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की सरकार ने छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा पाने में कोई दिक्कत नहीं हो इसको लेकर स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना चला रही है।जिससे आज आर्थिक तौर पर कमजोर वर्गों के स्टूडेंट भी उच्च शिक्षा हासिल कर रहे है।उन्होंने कहा कि आज मुख्यमंत्री की सरकार में महज पांच रुपए प्रति महीने देकर छात्र छात्राएं पॉलटेक्निक की पढ़ाई कर इंजिनियर कहला रहे है।उन्होंने कहा कि राजद के शासनकाल में लालू-राबड़ी ने चरवाहा विद्यालय खोलकर बच्चों को चरवाहा बनाने का काम किया।मुख्यमंत्री की सरकार में अल्पयसंख्यकों के कल्याण के लिए राज्य सरकार का बजट बढ़ाया और उनके हित में कई सारी योजनाएं चलाई जा रही है।वही उन्होंने लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी शासनकाल में अल्पयसंख्यको के साथ हुए बर्ताव पर गंभीर सवाल उठाए और कहा कि लालू राबड़ी के शासन काल में कुल मिलाकर 130 दंगे हुए और इन दंगों में 26 लोगों की मौत हुई।इतना ही नहीं साल 1989 में कांग्रेस के शासन के दौरान भागलपुर में भीषण दंगे हुए।इस दंगे में सरकारी आंकड़ों के मुताबिक,करीब एक हजार लोग मारे गए।लेकिन 15 साल के लालू-राबड़ी शासनकाल के दौरान पति पत्नी की सरकार ने दंगा पीड़ितों के आंसुओं को पोछने का कोई काम नहीं किया।पार्टी प्रवक्ताओं ने कहा कि ये हकीकत है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शासनकाल के दौरान ही मुसलिमों को न्याय मिल सका।साल 2005 में बीजेपी के साथ मिलकर शासन संभालते ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार में भागलपुर दंगे की जांच के लिए आयोग गठित किया गया।इसी आयोग की सिफारिश के आधार पर दंगे में मृतकों के आश्रितों को पांच हजार पेंशन राशि दी गई।दंगा पीड़ितों के क्षतिग्रस्त मकानों को क्षतिपूर्ति भी दी गई।साथ ही आरोपियों को सजा दिलाई गई।






# मैनाटांड़ प्रखंड के विभिन्न थाना क्षेत्र में निकाला गया फ्लैग मार्च

चाणक्य भूमि मैनाटांड़



- मैनाटांड़ पुरुषोत्तमपुर इनरवा मानपुर थाना क्षेत्र में पुलिस एवं एस एस बी जवान ने निकला फ्लैग मार्च

**मैनाटांड़**। प्रखंड के विभिन्न थाना क्षेत्र में बुधवार को लोकसभा चुनाव को लेकर क्षेत्र में शांति-व्यवस्था कायम रखने तथा भयमुक्त मतदान सुनिश्चित करने को लेकर गुरुवार को क्षेत्र में पुलिस और एस एस बी द्वारा संयुक्त फ्लैग मार्च किया गया। मैनाटांड़ थानाध्यक्ष मंटू कुमार एस एस बी जवानों के नेतृत्व में मैनाटांड़ थाना क्षेत्र के विभिन्न मार्गो और इंडो नेपाल बोर्डर एरिया में फ्लैग मार्च किया गया और पुरुषोत्तमपुर थाना के विभिन्न क्षेत्रों में थानाअध्यक्ष संजीव कुमार एस एस बी जवान ने भी निकला फ्लैग मार्च और इनरवा क्षेत्र में थानाध्यक्ष बसंत कुमार और एस एस बी पुलिस जवान ने सकरौल इनरवा, शाहपुर परसौनी, बरवा परसौनी, घोडपकड़ी, में भी फ्लैग मार्च निकला गया ।और वही मानपुर थाना क्षेत्र में थानाध्यक्ष अजय कुमार चौधरी और एस एस बी जवान के नेतृत्व में विभिन्न मार्गो में फ्लैग मार्च निकला गया ।थानाध्यक्ष ने बताया की लोगों में सुरक्षा की भावना बनाये रखने,में प्रशासन पर पूर्ण भरोसा रखने तथा असामाजिक तथा उपद्रव फैलाने की मंशा वालों के मंसूबों को ध्वस्त करने के लिये फ्लैगमार्च निकाला गया है। उन्होंने बताया कि आमलोगों में प्रशासन के प्रति विश्वास कायम कर लोगों को स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान के लिये प्रेरित किया गया।उनका कहना था कि स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव कराने को लेकर प्रशासन प्रतिबद्ध है। अथवा प्रलोभन देकर किसी भी मतदाता को किसी विशेष पक्ष में मतदान कराने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी।







स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714